रक्षा उत्पाद उद्योग में निवेश की 39 कंपनियों ने इच्छा जताई, 9 हजार को रोजगार मिलेगा

# अलीगढ़ डिफेंस कॉरिडोर में होगा 33 सौ करोड़ से अधिक का निवेश

**तैयारी**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के यूपी में अलीगढ़ नोड की स्थापना अंडला, खैर में हो रही है। यहां 90 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर स्थापित हो रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए अब तक करीब 40 कंपनियां 33 सौ करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने जा रही हैं, जिससे करीब 9 हजार रोजगार का सृजन होगा। योगी सरकार इस डिफेंस कॉरिडोर नोड को विकसित करने के लिए 122 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी।

**37 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य पूर्ण :** यूपीडा के अधिकारियों के अनुसार अब तक 39 कंपनियों ने यहां फैक्ट्रियां लगाने में गहरी रुचि दिखाते हुए एमओयू साइन किया है, जिसमें से 23 कंपनियों को 62 हेक्टेयर से अधिक भूमि अलॉट भी कर दी गई है और इनमें से कइयों ने कार्य करना भी शुरू कर दिया है, जिससे अब तक 55 सौ से अधिक लोगों को रोजगार भी प्राप्त हुआ है। अब तक अलीगढ़ नोड में 18 सौ करोड़ से अधिक का निवेश भी हो चुका है। अंडला, खैर में स्थापित हो रहे इस डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर नोड में ड्रोन, यूएवी, रक्षा उत्पादों में प्रयोग होने वाले घटक, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर से जुड़े उपकरण और छोटे हथियारों का निर्माण हो सकेगा। यूपीडा की ओर से इस पूरे नोड के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर 122 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये जाने की योजना है, जिसमें से 37 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

वहीं 61 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा करीब 14 करोड़ रुपये के कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है, जबकि भविष्य में 10 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करने की योजना है।

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में निवेश करने वाली बड़ी कंपनियों में सैटेलाइट स्पेस पोर्ट का निर्माण करने वाली एमिटेक इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड भी शामिल है। एमिटेक की ओर से 330 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। इसने 2 हेक्टेयर क्षेत्र में कार्य शुरू कर दिया है।



**330** करोड़ रुपये का निवेश कर रही है एमिटेक इलेक्ट्रानिक्स

**18** सौ करोड़ रुपये से अधिक निवेश हो चुका अलीगढ़ नोड में

## वेरिविन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड छोटे हथियार बनाएगी

वेरिविन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 65 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। डेढ़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में स्थापित होने वाली ये कंपनी छोटे हथियारों का निर्माण करेगी। इसी प्रकार नित्या क्रियेशन्स इंडिया की ओर से 12 करोड़ रुपये की लागत से रक्षा उत्पाद से जुड़े घटकों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा एंकर, मिलकोर और न्यू स्पेस जैसी कंपनियां भी अलीगढ़ नोड में रक्षा से जुड़े उत्पादों का प्रोडक्शन करेंगी। निवेश के लिए कुछ अन्य कंपनियां भी तैयार हैं।